भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +3262
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न देशों से समझौता**

**+3262. श्री रेबती त्रिपुराः**
**श्री धनुष एम. कुमारः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) और तमिलनाडु सहित देश में फिल्म पर्यटन के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं और यदि हां,तो देश में फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है और अभी इससे किस हद तक सफलता प्राप्त हुई है;

(ख) देश में अपार संभावनाएं होने के बावजूद फिल्म पर्यटन के पूर्ण विकास न होने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता देने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस उद्देश्य के लिए कौन-कौन से मानदंड निर्धारित हैं; और

(घ) क्या भारत ने फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न देशों के साथ समझौता ज्ञापन/समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्यों के संवर्धन के लिए एक सशक्त माध्यम के रूप में फिल्मों के महत्व को पहचाना है और पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) तथा तमिलनाडु सहित देश में एक महत्वपूर्ण निश पर्यटन उत्पाद के रूप में फिल्म पर्यटन के संवर्धन के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

I पर्यटन मंत्रालय ने 'फिल्म पर्यटन' के संवर्धन के लिए राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता देने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं । स्थान किराए पर लेने/फिल्मांकन प्रभार/सुविधा शुल्क आदि जैसे घटकों के लिए 2 लाख रु. प्रति फिल्म तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। फिल्मांकन गंतव्य के रूप में भारत को स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय आई एफ एफ आई,गोवा, यूरोपियन फिल्म बाजार, कान फिल्म फेस्टिवल जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव तथा विदेशी बाजारों में अतुल्य भारत के एक उप ब्रांड के रूप में भारतीय सिनेमा के संवर्धन हेतु सभी प्रयास कर रहा है ताकि पर्यटन तथा फिल्म उद्योग के बीच तालमेल विकसित किया जा सके और भारत तथा वैश्विक फिल्म उद्योग के बीच साझेदारी को संभव बनाने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके।

II पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2015 में गोवा में आयोजित फिल्म बाजार के लिए राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) को वित्तीय सहायता दी है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने फिल्म पर्यटन के प्रसार के लिए दिनांक 28 फरवरी से 1 मार्च 2020 तक आयोजित ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल सिक्किम को भी सहायता दी है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा विशेष रुप से अन्य देशों के साथ फिल्म पर्यटन के संवर्धन के लिए किसी समझौता ज्ञापन/ करार पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

*****